भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3261
उत्तर देने की तारीख: 09.12.2019

सोनितपुर में जेएनवी

†3261. श्री पल्लब लोचन दासः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सोनितपुर, असम में नवोदय विद्यालय स्थापित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ख) क्या सरकार असम के विशेषकर चाय बागान बहुल क्षेत्र में शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉक/क्षेत्र में आवासीय विद्यालय बनाने की योजना भी बना रही है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवि) खोलने का प्रावधान है। असम के सभी जिलों (31 मई, 2014 तक) को नवोदय विद्यालय योजना के तहत पहले ही शामिल कर लिया गया है। असम के सोनितपुर जिले में 1992-93 में एक जेएनवि स्थापित किया गया था, जो अब असम के जिलों के पुनर्गठन का अनुसरण में नवनिर्मित जिला विश्वनाथ चराली के अधिकार क्षेत्र में आता है। नए जेएनवि खोलना एक निरंतर प्रक्रिया है जो स्थायी भवन के निर्मित होने तक विद्यालय को चलाने के लिए अपेक्षित समुचित लागत निःशुल्क भूमि और आवश्यक अस्थायी भवन उपलब्ध करवाने की संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सहमति पर निर्भर करता है। तथापि, नए जेएनवि की वास्तविक स्वीकृति और खोला जाना निधि की उपलब्धता और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन पर निर्भर करता है।

(ख): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****